बिहार सरकार

जल संसाधन विभाग

**अभियंता प्रमुख, मुख्यालय की अध्यक्षता में दिनांक–17.03.2026 को सम्पन्न ''हर खेत तक सिंचाई का पानी'' योजनान्तर्गत अपूर्ण योजनाओं की प्रगति की समीक्षा तथा पूर्णता प्रमाण–पत्र से संबंधित समीक्षा बैठक की कार्यवाही ।**

---

अभियंता प्रमुख,मुख्यालय, जल संसाधन विभाग की अध्यक्षता में सभी मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन परिक्षेत्र को निर्धारित ''हर खेत तक सिंचाई का पानी'' कार्यक्रम अन्तर्गत संयुक्त निरीक्षण के तहत चयनित योजनाओं (फेज–1) एवं संयुक्त निरीक्षण के अतिरिक्त चयनित योजनाओं (फेज–2 एवं फेज–3) की प्रगति एवं पूर्णता की समीक्षा की गयी।

**समीक्षा के क्रम में निम्नांकित निदेश दिये गये :–**

2. मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, गयाजी प्रक्षेत्र में फेज–1 के तहत लंबित छः योजनाओं (समेकित रूप से 01 योजना) की समीक्षा के क्रम में मुख्य अभियंता द्वारा बताया गया कि Work Programme के अनुसार कार्य की प्रगति 92% होनी चाहिए थी, जिसके विरूद्ध वर्तमान में प्रगति 89% है। मुख्य अभियंता के द्वारा यह भी बताया गया कि, उक्त कार्य में कतिपय संरचनाओं का निर्माण शेष है, जिसे पूर्ण करने हेतु निर्धारित समाप्ति की तिथि से अधिक समय की आवश्यकता होगी। इस संदर्भ में कार्य के संवेदक द्वारा भी कार्य पूर्ण करने हेतु समय की माँग की गई है, जिसपर विचार करते हुए निदेशानुसार कार्य को हर हाल में दिनांक–15.04.2025 तक युद्धस्तर पर पूर्ण कराने का निदेश कार्य के संवेदक, संबंधित कार्यपालक अभियंता तथा मुख्य अभियंता को दिया गया। इस हेतु शेष बचे कार्य का साप्ताहिक कार्य–योजना तैयार कर उपलब्ध कराने का निदेश भी संबंधित कार्यपालक अभियंता को दिया गया।

**(कार्रवाई– मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, गया जी/ कार्यपालक अभियंता, सोन उच्चस्तरीय नहर प्रमंडल, कुर्था)**

3. मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, बिहारशरीफ अधीन सिंचाई प्रमंडल, जहानाबाद के फेज–3 की ''कनक बिगहा वीयर सिंचाई योजना का पुनर्स्थापन कार्य के समाप्ति की विस्तारित अवधि 28.02.2026 थी तथा कार्य का वर्तमान में भौतिक प्रगति 80% है। इस संदर्भ में अधीक्षण अभियंता, सिंचाई अंचल, बिहारशरीफ द्वारा बताया गया कि इस योजना अंतर्गत flare out wall का निर्माण कार्य प्रगति में है तथा अग्रेत्तर कार्य कराने हेतु भू–अर्जन की आवश्यकता होगी। इस संदर्भ में निदेश दिया गया कि प्रगतिधीन संरचना निर्माण कार्य को यथाशीध्र पूर्ण कराकर कार्य को यथास्थिति Foreclose करने निमित्त आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित किया जाय।

**(कार्रवाई– मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, बिहारशरीफ/अधीक्षण अभियंता, योजना एवं मोनिटरिंग अंचल–3/कार्यपालक अभियंता, सिंचाई प्रमंडल, जहानाबाद)**

4. मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, डिहरी परिक्षेत्राधीन कार्यान्वित ''हर खेत तक सिंचाई का पानी'' कार्यक्रम के फेज–3 के तहत अपूर्ण योजनाओं की समीक्षा के क्रम में मुख्य अभियंता द्वारा बताया गया कि :–

(i) जमानियां पम्प नहर प्रमंडल, मोहनियां के अधीन जैतपुरा पम्प नहर योजना अंतर्गत वितरणी संख्या–01 के जलवाहा ओ0आर0–01 से निःसृत फिल्ड चैनल का निर्माण कार्य तथा जैतपुरा पम्प नहर योजना अंतर्गत वितरणी संख्या–01 के जलवाहा ओ0एल0–01 से निःसृत फिल्ड चैनल का निर्माण कार्य में किसानों के विरोध एवं उनके द्वारा फिल्ड चैनल निर्माण हेतु भूमि उपलब्ध नहीं कराये जाने के कारण अद्यतन प्रगति क्रमशः 75% एवं 81% पर हीं यथास्थिति( शेष भाग में दूसरे फिल्ड चैनल से सिंचाई हेतु पर्याप्त पानी उपलब्ध है) कार्य को Foreclose किया जा रहा है। निदेश दिया गया कि अविलंब इस कार्य को Foreclose करने की कार्रवाई की जाए।

(ii) सोन नहर प्रमण्डल, विक्रमगंज के अधीन डुमराव शाखा नहर एवं इससे निःसृत वितरण प्रणालियों पुनर्स्थापन कार्य की वर्तमान भौतिक प्रगति 66% है तथा कार्य को पूर्ण करने हेतु संवेदक द्वारा आवश्यक प्रयास किया जा रहा है। उक्त के क्रम में निदेश दिया गया कि, कार्य में अवरोध को दूर करते हुए हर हाल में दिनांक–15.04.2026 तक कार्य पूर्ण कराना सुनिश्चित किया जाए तथा एकरारनामा के सुसंगत नियमों के तहत आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित किया जाय।

इसी प्रकार सोन नहर प्रमंडल, बक्सर के बक्सर शाखा नहर एवं इससे निःसृत वितरण प्रणालियों का पुनर्स्थापन कार्य की वर्तमान भौतिक प्रगति 73.5% के मद्देनजर निदेश दिया गया कि, कार्य में अवरोध को दूर करते हुए हर हाल में दिनांक–31.03.2026 तक कार्य पूर्ण कराना सुनिश्चित किया जाय।

(iii) सोन नहर प्रमंडल, आरा अंतर्गत कोईलवर वितरणी का पुनर्स्थापन कार्य तथा बिहिंया शाखा नहर के कि0मी0 18.26 से कि0मी0 49.60 तक का पुनर्स्थापन कार्य पूर्ण कर लिया गया है।

**(कार्रवाई– अभियंता प्रमुख, सिंचाई सृजन / अभियंता प्रमुख, मुख्यालय / मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, डिहरी / संबंधित अधीक्षण अभियंता / अधीक्षण अभियंता, योजना एवं मोनिटरिंग अंचल–3 / संबंधित कार्यपालक अभियंता)**

5. मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, भागलपुर के अधीन "हर खेत तक सिंचाई का पानी" कार्यक्रम से संबंधित 03 अपूर्ण योजनाओं के संबंध में मुख्य अभियंता द्वारा बताया गया कि :–

(i) सिंचाई प्रमंडल, तारापुर के अधीन कारीघाटी सिंचाई योजना को Foreclose कर दिया गया है।

(ii) सिंचाई प्रमंडल, बांका अंतर्गत ईकोरिया वीयर पुनर्स्थापन कार्य की अद्यतन प्रगति 94% है तथा वर्तमान में चन्दन डैम का गेट जाम रहने के कारण नदी के जल का बहाव जारी है जिससे इकोरिया वियर के under sluice portion में P.C.C/R.C.C कार्य शेष है। निदेश दिया गया कि, जलप्रवाह अवरूद्ध करने हेतु आवश्यक कार्रवाई करते हुए शेष कार्य को हर हाल में 31.03.2026 तक पूर्ण कराना सुनिश्चित किया जाय।

**(कार्रवाई– मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, भागलपुर / अधीक्षण अभियंता,योजना एवं मोनिटरिंग अंचल–3 / संबंधित कार्यपालक अभियंता)**

अपूर्ण योजनाओं से संबंधित क्षेत्रीय अभियंताओं को निदेशित किया गया कि अपूर्ण योजनाओं को यथाशीघ्र पूर्ण कराते हुए तत्संबंधी पूर्णता प्रमाण–पत्र मुख्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाय। साथ हीं पूर्ण योजनाओं के संदर्भ में निदेश दिया गया कि योजनाओं से संबंधित अभिलेखों को विधिवत बंद करने की कार्रवाई करते हुए उपयोगिता प्रमाण–पत्र मुख्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाय।

**(कार्रवाई– सभी मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, / सभी संबंधित अधीक्षण अभियंता / सभी संबंधित कार्यपालक अभियंता)**

अंत में धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक सम्पन्न हुआ।

19/3/26
(ब्रजेश मोहन)
अभियंता प्रमुख, मुख्यालय

ज्ञापांक–सिं०यो०मो०–11/2021–पार्ट–III–28 –144 पटना, दिनांक– 19-3-26

प्रतिलिपि– प्रधान सचिव, जल संसाधन विभाग के प्रधान आप्त सचिव, को सूचनार्थ प्रेषित।

19/3/26
(ब्रजेश मोहन)
अभियंता प्रमुख, मुख्यालय

ज्ञापांक–सिं०यो०मो०–11/2021–पार्ट–III–28 144 पटना, दिनांक– 19-3-26

प्रतिलिपि– अभियंता प्रमुख, मुख्यालय / सिंचाई सृजन, जल संसाधन विभाग, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

19/3/26
(ब्रजेश मोहन)
अभियंता प्रमुख, मुख्यालय

ज्ञापांक–सिं०यो०मो०–11/2021–पार्ट–III–28 –144 पटना, दिनांक– 19-3-26

प्रतिलिपि– मुख्य अभियंता, योजना एवं मोनिटरिंग/अधीक्षण अभियंता, योजना एवं मोनिटरिंग अंचल–2/3/सिंचाई, जल संसाधन विभाग, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

(ब्रजेश मोहन)

अभियंता प्रमुख, मुख्यालय

ज्ञापांक–सिं०यो०मो०–11/2021–पार्ट–III–28 144 पटना, दिनांक– 19-3-26

प्रतिलिपि– सभी मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन/ सभी संबंधित अधीक्षण अभियंता/ सभी संबंधित कार्यपालक अभियंता, जल संसाधन विभाग, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

(ब्रजेश मोहन)

अभियंता प्रमुख, मुख्यालय

ज्ञापांक–सिं०यो०मो०–11/2021–पार्ट–III–28 144 पटना, दिनांक– 19-3-26

प्रतिलिपि– कार्यपालक अभियंता, आई०टी० केन्द्र, जल संसाधन विभाग, पटना को कार्यवाही की प्रति के साथ सूचनार्थ एवं विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

(ब्रजेश मोहन)

अभियंता प्रमुख, मुख्यालय